क्रमांक 3323162/छ.ग./2023/पार्ट /
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर -19,
नवा रायपुर ,अटल नगर, जिला – रायपुर

दिनांक /07/2026

## --:आदेश:--

जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ में तृतीय श्रेणी तकनीकी (कार्यपालिक) अमीन के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु व्यावसायिक परीक्षा मंडल, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा दिनांक 07.12.2025 को परीक्षा आयोजित की गई। व्यापम के पत्र क्रमांक/व्यापम/परीक्षा/एफ–20/2026/365 दिनांक 22.01.2026 द्वारा अमीन के परीक्षा परिणाम प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग को प्रेषित किया गया।

अमीन के परीक्षा परिणाम के परिप्रेक्ष्य में मेरिट रैंक के आधार पर सीधी भर्ती हेतु दस्तावेज सत्यापन दिनांक 16.04.2026 को कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर अटल नगर में किया गया। दिनांक 16.04.2026 को दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए पुनः दिनांक 12.05.2026 दस्तावेज सत्यापन किया गया।

व्यावसायिक परीक्षा मंडल, नवा रायपुर अटल नगर के वेबसाईट में अमीन पद का आवेदन फार्म भरने हेतु प्रदर्शित निर्धारित दिनांक को व्यापम के वेबसाईट में अभ्यर्थी प्राची साहू द्वारा अमीन पद का आवेदन फार्म अन्य पिछड़ा वर्ग महिला (क्रीमीलेयर) के तहत आवेदन भरा गया। व्यापम से अमीन पद के प्राप्त परीक्षा परिणाम में अभ्यर्थी प्राची साहू का संवर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमी लेयर) Overall Rank 47 अंकित है।

दस्तावेज सत्यापन दिनांक 16.04.2026 को, अभ्यर्थी प्राची साहू के पिता श्री रामस्वरूप साहू पिता श्री एच. आर. साहू निवासी सेक्टर–4 भिलाई, तह.–भिलाई उप तहसील जिला–दुर्ग छत्तीसगढ़ की सभी स्रोतो से वार्षिक आय वित्तीय वर्ष 2024–2025 में पटवारी प्रतिवेदन/संलग्न आय प्रमाण के आधार पर 1,20,000/– (रूपये एक लाख बीस हजार) दर्शाई गई है, जो कि हितग्राही की पुत्री प्राची साहू के लिए जारी किया गया।

प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, नवा रायपुर अटल नगर के आदेश क्रमांक 3323162/छ.ग./2023/पार्ट/5469 दिनांक 30.06.2026 को अमीन के पद पर जारी नियुक्ति आदेश के सरल क्रमांक 21 में अभ्यर्थी प्राची साहू, पिता श्री राम स्वरूप साहू का संवर्ग अनारक्षित (अ.पि.व.) (महिला) (क्रीमीलेयर) Overall rank 47 है, का नाम त्रुटिवश अंकित होने के कारण उक्त आदेश जारी हो गया है, जबकि मेरिट रैंक के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के अभ्यर्थी निधि साहू, Overall rank 44 एवं अभ्यर्थी प्रियंका जायसवाल, Overall rank 45 का अनारक्षित अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) में आदेश जारी किया जाना था।

प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी उक्त आदेश के परिप्रेक्ष्य में अभ्यर्थी चंचल, अनुक्रमांक (रोल नं.) 25038241, Overall rank 48 द्वारा अमीन पटवारी भर्ती प्रक्रिया में अंतिम चयन सूची के संबंध में स्पष्टीकरण एवं सुधार हेतु आवेदन दिनांक 01.07.2026 व 15.07.2026 को एवं अभ्यर्थी कु. तितिक्षा कुलमित्र, अनुक्रमांक (रोल नं.) 22029249, Overall rank 50 द्वारा तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अमीन पद में नियुक्ति के संबंध में दावा आपत्ति बाबत् प्रमुख अभियंता द्वारा जारी अमीन के आदेश दिनांक 30.06.2026 के परिप्रेक्ष्य में आवेदन दिनांक 06.07.2026 को प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्तुत किया गया।



Scanned with OKEN Scanner

अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों पर विचार हेतु प्रकरण विभागीय छानबीन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा प्रकरण की समग्रता से परीक्षण की गई तथा अभ्यर्थी प्राची साहू को नियुवित्त हेतु अपात्र पाया एवं तद्नुसार अभ्यर्थी प्राची साहू की दिनांक 30.08.2026 के नियुक्ति आदेश को निरस्त करने की अनुशंसा की गई।

विभागीय छानबीन समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा आदेश क्रमांक 3323162/छ.ग./2023/पार्ट/5469 दिनांक 30.06.2026 को अमीन के पद पर जारी आदेश के सरल क्रमांक 21 में अंकित अभ्यर्थी प्राची साहू पिता श्री राम स्वरूप साहू का नियुक्ति आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

हस्ता/-

(जितेन्द कुमार नेताम)
प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग,छत्तीसगढ़
नवा रायपुर अटल नगर

पृष्ठांकन क्रमांक 3323162/छ.ग./2023/पार्ट/6272 रायपुर, दिनांक 27/07/2026

प्रतिलिपि :-

(1) विशेष सहायक, माननीय मुख्यमंत्री जी, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
(2) सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
(3) मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर।
(4) अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मंडल, दुर्ग।
(5) अधीक्षण अभियंता, एम.आई.एस. प्रकोष्ठ कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया विभागीय वेबसाईट में http://www.cgwrd.in तत्काल अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।
(6) कार्यपालन अभियंता, तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग।

☆ पंजीकृत डाक से

☆(7) संबंधित अभ्यर्थी प्राची साहू, पिता श्री राम स्वरूप साहू, क्वाटर-10/ए, सड़क-26 सेक्टर-4 भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490001 ।
(8) मास्टर नस्ती।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(जितेन्दु कुमार नेताम)
प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग,छत्तीसगढ़
नवा रायपुर अटल नगर



Scanned with OKEN Scanner